एवं आपराधिक आरोपण के प्रमाणिकता को साक्ष्य पेश नहीं होने से विधि के प्रतिकूल है—जिससे साक्ष्य की प्रार्थना करता है । विभागीय जांच के आधार पर प्रार्थी को दी गई सजा में न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप किया जा सकता है । इसके लिए मामले के सम्यक निस्तारण के लिए साक्ष्य पेश करने का अवसर प्रदान कराया जाना आवश्यक है। मामले के सम्यक निस्तारण के लिए श्रमिक की पारिवारिक परिस्थिति को ध्यान में रखा जाना भी आवश्यक है, यह जानकारी साक्ष्य पेश होने पर ही प्रस्तुत होकर प्रगटीकरण हो सकती है। उपरोक्त वर्णित मामले में गुणावगुण पर अंतिम बहस सुनने से पूर्व प्रार्थी को अपनी साक्ष्य पेश करने का अवसर दिया जाना न्यायोचित एवं आवश्यक है। प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य के खंडन में विपक्षी चाहे तो वह भी अपनी ओर से साक्ष्य पेश करने के लिए स्वतंत्र है। विपक्षी ने प्रार्थी पर माईनर आरोपण की शिकायत होने पर भी पत्रावली में जांच अधिकारी ने प्रबंधन के दबाव में मेजर दंडादेश की कार्यवाही है। प्रार्थी के विरुद्ध नियोजक द्वारा जांच कार्यवाही में शिकायतकर्त्ता तथा प्रबंधन कार्यवाही के तथ्यों में भिन्नता है। प्रार्थी के विरुद्ध जांच अधिकारी ने साधारण पत्र क्रमांक 1680 दिनांक 17-6-99 को जारी किया जिसमें अंकित किया गया कि दिनांक 15-6-99 को विभागीय जांच कार्यवाही एक पक्षीय किया गया, जबकि विभागीय जांच आदेशिका में प्रोसीडिंग टिप्पणी नहीं की गई है। जांच कार्यवाही प्रोसीडिंग में दिनांक 17-6-99 को सूचना जो जांच प्रबंधन ने जारी किया गया जो पुनः वापस लौट कर दिनांक 26-6-99 को प्राप्त हुआ है, विभागीय जांच अधिकारी के सम्मन पुनः लौटने तथा नोट डिलिवर्ड की प्रतीक्षा के जांच अधिकारी ने एक दिवस पहले ही काल्पनिकता के कर्मकार की अनुपस्थिति मान कर जांच कार्यवाही समाप्त करना जांच कार्यवाही को दूषित करना माना जाकर विद्वेषतापूर्ण कार्य है, में सेवा पृथक करना विधि विरुद्ध है। प्रार्थी के विरुद्ध विपक्षी ने दिनांक 3-6-99 के अखबार में सूचना पत्रांक पर प्रदर्श -डी. 1 पर दिनांक 15-6-99 अंकित है, जबकि दिनांक 15-6-99 की प्रोसिडिंग में दोनों पक्ष प्रबंधक तथा प्रार्थी को उपस्थित हेतु तथा अगली सुनवाई का अवसर की कार्यवाही अंकित की गई। इसके अतिरिक्त दि. 27-5-99 के उपस्थिति हेतु सूचना पत्रांक श्रमिक को नहीं मिलने पर डाक विभाग ने दिनांक 3-6-99 तक डाकघर में वितरण डाक हेतु पेंडिंग रहा तथा पुनः लौटकर बाद में आया है, जबकि उक्त दस्तावेज प्रबंधन ने दिनांक 3-6-99 को एक्जूविट किया जाना अंकित है, जबकि दिनांक 3-6-99 की विभागीय जांच नहीं होने के बावजूद भी दस्तावेज पेश करना प्रबंधन एवं जांच अधिकारी की जांच कार्यवाही को दूषित करने का कृत्य है। विपक्षी प्रबंधक ओ.पी.शाह ने पत्र क्रमांक 743 दिनांक 4-5-99 के द्वारा प्रार्थी को दिनांक 27-3-99 को अवकाश प्रार्थना पत्र बिना अनुपस्थिति का जारी किया है, जबकि ओ.पी.शाह ने चार्जशीट आरोपण निर्धारण कार्यवाही में प्रार्थी को दिनांक 26-3-99 को अनुपस्थित माना है तथा आरोप-पत्र जारी किया गया है। दोनों ही पत्रों को नियोक्ता सुप्रीम ओथोरिटी द्वारा पेश करने के तथ्यों से जांच अधिकारी की निष्पक्षता संदिग्ध मानी जाती है तथा जांच को प्रभावित कर दूषित किया जाने के तथ्यों की प्रमाणिकता मानी जाने से जांच पक्षपातपूर्ण विद्वेषता की कार्यवाही होने से दूषित घोषित करने की प्रार्थना करता है। प्रार्थी के विरुद्ध विपक्षी जांच दिनांक 3-6-99 को प्रथम मीटिंग जांच कार्यवाही में डी.ई.ओ. ने प्रार्थी की अनुपस्थिति के कारण जांच कार्यवाही स्थगित की प्रोसीडिंग जारी की गई है तथा प्रबंधन प्रतिनिधियों को प्रोसीडिंग से निर्देशित किया गया है कि आगामी सुनवाई तिथि को अपने पक्ष में प्रस्तुत किया जानें वाले दस्तावेज एवं साक्ष्य की सूची पेश करें तथा जांच प्रक्रिया संबंधी जानकारी दोनों पक्षकारों की उपस्थिति में ही संपन्न की जायेगी, लेकिन जांच प्रोसीडिंग एवं अन्य प्रस्तुत दस्तावेजात में जांच अधिकारी द्वारा दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर उन्हें प्रबंधन के दबाव में उसी तिथि 3-6-99 को एक्जूविट दर्शाना तथा उन पर पक्षपातपूर्ण स्वीकृति प्रदान किया जाना नैसर्गिक न्याय की कार्यवाही को दूषित कर पारदर्शिता समाप्त की गई है, जो विद्वेषतापूर्ण कार्यवाही है। जांच अधिकारी ने दिनांक 3-6-99 को जांच अधिकारी ने प्रबंधन प्रतिनिधियों को जांच में प्रार्थी को समुचित अवसर देकर नैसर्गिकता के अनुरूप सूचित हेतु राज्य स्तर के दोनों समाचार पत्रों में समाचार सूचना प्रसारित का आदेश दिया है, जबकि विपक्षी ने दिनांक 15-6-99 को दोनों समाचार पत्रों में समाचार नहीं दिया है तथा डी.ई.ओ. जांच अधिकारी के प्रोसिडिंग आदेश की पालना नहीं कर नैसर्गिक न्याय का जांच प्रोसीडिंग में रेफरेन्स देकर अनुपालन नहीं कर विभागीय जांच को प्रभावित किया गया जिससे जांच प्रक्रिया अपूर्ण अनुचित दबाव की विद्वेषतापूर्ण कार्य है जिसे निरस्त किया जाये । विभागीय जांच के दिनांक 15-6-99 की प्रोसीडिंग में प्रबंधन प्रतिनिधि एस. के. शर्मा द्वारा प्रतिनिधि प्रबंधन अधिकार पत्र पेश किया गया है तथा जांच में दस्तावेज पेश हुए हैं, जबकि दस्तावेजों परपूर्व जांच की दिनांक 3-6-99 का अंकित होना जांच पर दुराशयतापूर्ण जांच प्रभावित करना प्रमाणित होता है- जो द्वेषतापूर्ण अनफेयर लेबर कार्यवाही होने से जांच की दूषित कार्यवाही है । दिनांक 15-6-99 को आगामी जांच कार्यवाही 25-6-99 को निश्चित की गई तथा उसमें सभी पदों को सूचित हो लिखना गलत है क्योंकि श्रमिक अनुपस्थित है । दिनांक 15-6-99 को प्रबंधन ने गवाह पेश की गई है व गवाहों के जिरह में पेश हेतु प्रार्थी का उपस्थित होना आवश्यक होने के बावजूद जांच में भाग लेने वाले गवाह के कोई हस्ताक्षर नहीं है, उसे पृथक रूप से निर्मित किया गया है । जांच दिनांक 15-6-99 को प्रबंधन प्रतिनिधि एस.के. शर्मा ने उन्हें प्रबंधक द्वारा दिनांक 26-5-99 को प्रतिनिधि होना अंकित करता है उसी प्रोसिडिंग में प्रबंधक प्रतिनिधि एस.के. शर्मा उसे दिनांक 22-5-99 के आदेशानुसार प्रबंधक प्रतिनिधि होना स्वीकार करता है । दोनों ही विरोधाभास है । दि. 25-6-99 को जांच कार्यवाही आदेशिका में प्रार्थी के विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही का आदेश दिया गया तथा प्रबंध न जिरह के बाद जांच कार्यवाही एक तरफा को समाप्त कर दिया गया है । जांच अधिकारी ने दिनांक 25-6-99 की प्रोसीडिंग में दिनांक 17-6-99 की सूचना पत्रक पुनः लौट कर दिनांक 26-6-99 को प्राप्त हुआ है, जांच सूचना के नोटिस पुनः प्राप्त होने की इंतजार किये बिना ही जांच प्रक्रिया में एक तरफा निर्णय करना समुचित अवसर उपलब्ध नहीं कराया गया है, जो विधि विरुद्ध है । प्रार्थी के विरुद्ध विपक्षी के जांच अधिकारी ने 25-6-99 को ही जांच समाप्त की है । जांच प्रतिवेदन निष्कर्ष जांच अधिकारी ने नियोजक को कब पेश किया, अनुशासनिक दंडादेश ओथोरिटी एक्जूकेटिव प्रेसीडेंट द्वारा जारी किया गया- जो विधि के प्रतिकूल है । अनुशासनिक अधिकारी ने निर्णय दंडादेश के तहत जांच समाप्ति दिनांक 25-6-99 को पेश

माना है तथा जांच प्रस्तावित दिनांक 22-5-99 को माना गया है जो दंडादेश सेवा समाप्ति आदेश में दिनांक 26-5-99 का अंकित किया जाना अवैध होकर विधि विरुद्ध अनुशासनिक अधिकारी ने उन्हें जांच निष्कर्ष प्रस्तुत होने की कोई जानकारी रेफरेन्स दंडादेश में नहीं है। प्रबंधन शिकायतकर्ता प्रतिनिधि एस.के. शर्मा ने प्रार्थी को दिनांक 27-3-99 से कार्य पर उपस्थित नहीं होने का नोटिस पेश किया है-जो जांच प्रोसिडिंग में पेश है, जबकि अनुशासनिक अधिकारी अधिशाषी अध्यक्ष सुप्रीम ओथोरिटी ने अनुशासनिक कार्यवाही में दिनांक 26-3-99 से अनुपस्थिति को आधार मान कर दंडादेश जारी किया है। अनुशासनिक अधिकारी कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा दंडादेश दिनांक 9-7-99 से सेवा समाप्ति की गई है, जबकि दस्तावेज पर निर्णय दिनांक 5-7-99 अंकित है। जांच अधिकारी ने जांच प्रतिवेदन निष्कर्ष की सूचना प्रार्थी को नहीं दी-जिससे उसके विरुद्ध जांच कार्यवाही अपील का मानवीय अधिकार समाप्त किया गया है। जांच निष्कर्ष में समुचित कारण नहीं है। जांच अधिकारी द्वारा जांच रिपोर्ट दिनांक 30-6-99 को वाईस प्रेसीडेंट ओ.पी. शाह को पेश की गई है, जबकि कार्यकारी अध्यक्ष के.सी. झंवर ने दंडादेश पारित किया जाकर दिनांक 9-7-99 को ही भूतलक्षी प्रभाव से बिना जांच निष्कर्ष प्रतिवेदन के रोबोट प्रणाली से सेवा समाप्ति का ओदश जारी किया गया है। प्रार्थी को विपक्षी ने उनके पत्रांक 2200 दिनांक 10-7-99 सेवा समाप्ति नोटिस पेश किया गया है-जिसमें जांच कार्यवाही आदेश दिनांक 22-5-99 के निर्देश से की गई है, जबकि जांच पत्रावली के अवलोकन से जांच अधिकारी एच.डी. माथुर तथा प्रबंधन प्रतिनिधि एस.के शर्मा ने दिनांक 26-5-99 के प्रबंधन निर्देशानुसार जांच प्रारंभ की जाना स्वीकार तथ्य है। सेवा समाप्ति दंडादेश एवं जांच प्रतिवेदन में परस्पर विपरीत तथ्य पेश हुए हैं। प्रार्थी को विपक्षी ने विभागीय जांच दंडादेश से दिनांक 10-7-99 को सेवा समाप्ति आदेश ओ.पी. शाह, उपाध्यक्ष माईन्स से पेश हुआ है तथा अखबार के दस्तावेज में विभागीय जांच का निर्देश दिनांक 26-5-99 अंकित हुआ है तथा अखबार में सेवा समाप्ति प्रकाशन के पश्चात् दिनांक 13-7-99 को अखबार में संशोधन पेश हुआ है-जिसमें दिनांक 26-5-99 को 22-5-99 पढ़ा जावे अंकित किया गया है। पूरी विभागीय जांच कार्यवाही होने तथा दंडादेश से सेवा समाप्ति के आदेश जारी होने के पश्चात् संशोधन करना अनफेयर विधि के प्रतिकूल कार्यवाही प्रार्थी का स्टेटमेंट आफ क्लेम निरस्त करने की प्रार्थना की गई।

8. दिनांक 6-2-09 को विपक्षी की ओर से लिखित बहस पेश कर जाहिर किया गया कि प्रार्थी के विरुद्ध की गई घरेलू जांच को इस न्यायालय द्वारा फेयर घोषित किया गया है एवं वर्तमान स्टेज पर प्रकरण में मात्र धारा 11-ए के तहत प्रकरण को अंतिम रूप से निस्तारित करना है। घरेलू जांच कार्यवाही में प्रार्थी पर जो आदतन रूप से अवैधानिक अवकाश पर रहने का चार्ज लगाया गया था, वह संपूर्ण रूप से सिद्ध हुआ है। प्रार्थी को घरेलू जांच की विभिन्न स्टेजों की सूचना जरिये रजिस्टर्ड ए.डी. एवं जरिये अखबार में पब्लिकेशन के समय-समय पर दी जाती रही। प्रार्थी बिना किसी उचित कारण के बिना किसी सूचना के जांच कार्यवाही में उपस्थित नहीं हुआ। जांच कार्यवाही में प्रार्थी के विरुद्ध विपक्षी द्वारा पेश किये गये दस्तावेजी व मौखिक साक्ष्य से प्रार्थी का गंभीर दुराचरण का दोषी होना पाया गया है। धारा 11-ए औ.वि.अधि. के तहत उपलब्ध शक्तियों के संदर्भ में 1994[2]डब्ल्यू.एल.सी.[राज.] पेज 340 [डी.बी.] व 1993[2] डब्ल्यू.एल.सी. [राज.] पेज 202 [डी.बी.] उल्लेखनीय है-जिनमें माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा यह सिद्धांत प्रतिपादित किया गया है कि मात्र हाईली डिसप्रपोशनेट पनिशमेंट होने पर ही धारा 11 में वर्णित शक्तियों का उपयोग किया जा सकता है। दृष्टांत 2003 [1] सी.एल.आर.पेज 825 [एस.सी.] में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा यह सिद्धांत प्रतिपादित किया गया है कि यूनियन के सक्रिय सदस्य एवं मेनेजमेंट के मध्य स्ट्रेन्ड रिलेशनशिप होने के आधार पर विक्टिमाईजेशन का इन्फरेन्स नहीं डा किया जा सकता है और साथ-साथ यह सिद्धांत भी प्रतिपादित किया गया है कि सिद्ध दोष विक्टिमाईजेशन की प्लीडिंग के एन्टीथिसिस है याने कि दोष सिद्ध होने पर विक्टिमाईजेशन का बिन्दू स्वयंमेव समाप्त हो जाता है। दृष्टांत 1998 [II] सी.एल.आर.पेज 1070 [एस.सी.] में माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह सिद्धांत प्रतिपादित किया है कि सजा दिया जाना डिसीप्लेनरी ओथोरिटी के अधीन है तथा जब तक पनिशमेंट शोकिंगली डिसप्रपोशनेट नहीं हो डिसिप्लेनरी ओथोरिटी द्वारा दिये गये पनिशमेंट में इंटरफियर नहीं किया जा सकता है। दृष्टांत 2006 एल.एल.आर. पेज 657 [एस.सी] में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा यह सिद्धांत प्रतिपादित किया गया है कि जांच कार्यवाही के फेयर, प्रोपर डिक्लेयर किये जाने के बाद धारा 11 ए के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग नहीं किया जा सकता है। विधि दृष्टांत 2005 [1] सी.एल.आर.पेज 959 [एस.सी.] में उच्चतम न्यायालय द्वारा यह न्यायिक सिद्धांत प्रतिपादित किया गया है कि घरेलू जांच कार्यवाही के फेयर होने पर दुराचरण को सिद्ध माना जायेगा और धारा 11 ए के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग नहीं किया जा सकता है। दृष्टांत 1997 [1] सी.एल.आर.पेज 659 [एस.सी.] में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा यह सिद्धांत प्रतिपादित किया गया है कि धारा 11 ए के तहत माननीय न्यायालय को बहुत ही सीमित स्कोप आफ इंटरफियरेंस उपलब्ध है तथा धारा 11ए के तहत प्रदत्त शक्तियां केवल मात्र घरेलू जांच के अनफेयर होने की स्थिति में ही काम में ली जा सकती है। इसी तरह का सिद्धांत माननीय उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक दृष्टांत 2006 एल.एल.आर. पेज 1267 [एस.सी.], 2006 एल.एल.आर.पेज 706 [देहली] [डी.बी.] 2006 एल.एल.आर. पेज 406 [एस.सी], ए.आई.आर. 2005 [एससी] पेज 584 व 2005 एल.एल.आर.पेज 360 [एस.सी] में प्रतिपादित किये गये हैं। हस्तगत प्रकरण में सभी न्यायिक दृष्टांतों में प्रतिपादित सिद्धांत संपूर्ण रूप से लागू होते हैं। हस्तगत प्रकरण में प्रार्थी की ओर से जिस तरह से आदतन रूप से अनाधिकृत गैर हाजिरी का गंभीर दुराचरण पारित किया गया है उस आधार पर प्रार्थी किसी भी तरह की कोई राहत प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। विपक्षी संस्थान में लागू प्रमाणित स्थायी आदेशों में भी इस तरह का दुराचरण गंभीर दुराचरण है तथा प्रार्थी को जो दंड दिया गया है, वह न तो शोकिंगली डिसप्रोशनेट एवं न गलत है। प्रार्थी ने इस तरह का कोई सरकमस्टान्स नहीं बताया है-जिसमें प्रार्थी के विरुद्ध नरमी का रुख अपनाया जा सके। घरेलू जांच में स्ट्रीक्ट रूल आफ एविडेंस लागू नहीं होता है तथा माननीय न्यायालय द्वारा मात्र

नो एविडेन्स के प्रकरण में ही सफीसेन्सी आफ एवीडेंस के बिन्दू को कंसीडर किया जा सकता है । घरेलू जांच में हीयर से एविडेंस भी आरोपी के खिलाफ उपयोग में लाई जा सकती है । यह विधिक सिद्धांत माननीय उच्चतम न्यायालय की पूर्ण पीठ ने न्यायिक दृष्टांत ए.आई.आर. 1977 एस.सी.पेज 1512, ए.आई.आर. 1996 एस.सी.पेज 2412 व 1999 [1] डब्ल्यू.एल.सी.[राज.] पेज 393 में प्रतिपादित किया है । हस्तगत प्रकरण में जांच पत्रावली पर जो साक्ष्य उपलब्ध है, वह प्रार्थी पर लगाये गये दुराचरणों को सिद्ध करने के लिए पर्याप्त है । साक्ष्य के आधार पर जांच की फाईडिंग्स एवं डिस्पलीनेरी आथोरिटी द्वारा पारित किये गये आदेश में हस्तक्षेप किये जाने का कोई आधार प्रार्थी के पास नहीं है । प्रबंधन ने प्रार्थी में विश्वास खो दिया है और उसने ऐसा कृत्य किया है जो किन्हीं भी परिस्थितियों में टोलरेबल नहीं है । इसलिए प्रार्थी को रीइनस्टेट करने से विपक्षी के ऊपर बिना किसी वजह से प्रार्थी को थोपना होगा–जिसमें कंपनी ने विश्वास खो दिया है । रिइनस्टेट के बारे में न्यायिक विनिश्चय 2003 [3] डब्ल्यू.एल.सी. [राज.] पेज 564, 2004 [3] डब्ल्यू.एल.सी.[राज.] पेज 140 उल्लेखनीय है । आदतन अवैध गैर हाजरी गंभीर दुराचरण है तथा इस आधार पर सेवासमाप्ति डिस्प्रपोशनेट नहीं मानी जा सकती है । इस संबंध में न्यायिक विनिश्चय 2000 [1] सी.एल.आर. पेज 545 [बाम्बे] 2000 [1] सी.एल.आर. पेज 536 [देहली], 2001 [III] सी.एल. आर.पेज 976 [गुजरात], 2007 [III] सी.एल.आर. पेज 446 [बाम्बे], 2007 [III] सी.एल. आर. पेज 632 [बोम्बे], 2007 [III] सी.एल. आर.पेज 769 [मद्रास] व 2006 [III] सी.एल.आर. पेज 677 [पंजाब एंड हरियाणा] उल्लेखनीय है । जो रेफरेन्स प्राप्त हुआ है, उसमें निम्न दो बिन्दु हैं—

(अ) क्या प्रार्थी द्वारा दिनांक 16-12-95 से 30-4-2000 तक विपक्षी संस्थान में कार्य किया गया और 30-4-2000 से पूर्व प्रत्येक 12 माह में 240 दिन एवं उससे अधिक कार्य किया गया?

(ब) क्या प्रार्थी को विपक्षी द्वारा सेवा से मुक्त किया जाना विधि सम्मत है?

बिन्दू सं. के संबंध में जाहिर किया गया कि क्लेम प्रार्थनापत्र में वर्णित तथ्यों को साबित करने का भार प्रार्थी पर होता है । प्रार्थी द्वारा हस्तगत प्रकरण में इस तरह की कोई साक्ष्य मान. न्यायालय में पेश नहीं की गई है-जिससे यह साबित हो सके कि प्रार्थी दिनांक 16-12-95 से 30-4-2000 तक विपक्षी संस्थान में निरंतर रूप से कार्यरत रहा हो और दिनांक 30-4-2000 से पूर्व प्रत्येक 12 माह में प्रार्थी द्वारा 240 दिन से अधिक कार्य किया गया हो । वस्तुत: पत्रावली पर जो रिकार्ड उपलब्ध है, उससे यह स्पष्ट है कि प्रार्थी दिनांक 26-3-99 से विपक्षी संस्थान से पूर्व सूचना अनुमति के अनुपस्थित हो गया–जिस पर विपक्षी द्वारा नियमानुसार आरोप पत्र जारी कर जांच कार्यवाही की गई और जांच कार्यवाही सम्पन्न करने के बाद प्रार्थी की सेवाएं दिनांक 9-7-99 के आदेश से समाप्त कर दी गई । स्पष्ट रूप से प्रार्थी दिनांक 30-4-2000 तक विपक्षी संस्थान में कार्यरत नहीं रहा है । बिन्दू सं. (ब) के संबंध में जाहिर किया गया कि न्यायालय के समक्ष निस्तारण हेतु जो रेफरेन्स भेजा गया है, उस रेफरेन्स में प्रार्थी की सेवा मुक्ति की कोई दिनांक अंकित नहीं है । न्यायालय का क्षेत्राधिकार एवं श्रवणाधिकार रेफरेन्स से बंधा हुआ एवं रेफरेन्स से परे जाकर माननीय न्यायालय से प्रार्थी किसी भी तरह का कोई रिलीफ प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है । वर्तमान रेफरेन्स में चूंकि प्रार्थी की सेवा मुक्ति की दिनांक अंकित नहीं है । इस कारण से रेफरेन्स इसी बिन्दू पर खारिज होने योग्य है । इस संबंध में न्यायिक विनिश्चय 2002 [III] डब्ल्यू.एल.सी.[राज.] पेज 67, 2003 [यू.सी.] डब्ल्यू. एल.सी. [राज.] पेज 424 उल्लेखनीय है । प्रार्थी श्रमिक कोई राहत प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है ।

9. प्रार्थी ने अपनी लिखित बहस में जांच कार्यवाही उचित एवं वैध नहीं होने तथा साक्ष्य के लिए अवसर दिया जाना चाहिए बाबत तर्क पेश किये, लेकिन प्रार्थी के द्वारा दिये गये तर्क स्वीकार्य योग्य नहीं हैं । चूंकि जांच कार्यवाही पूर्व में ही उचित एवं वैध घोषित की जा चुकी है तथा न्यायालय आदेश के द्वारा जांच पत्रावली पर आई साक्ष्य से ही प्रकरण का निस्तारण धारा 11-ए औ. वि.अधिनियम के अनुसार किये जाने का आदेश दिनांक 28-11-08 को पारित किया जा चुका है । अत: प्रार्थी ने इन दोनों बिन्दुओं पर तर्क प्रस्तुत किये हैं, उनमें कोई बल नहीं पाते हैं । यदि प्रार्थी इन आदेशों से रुष्ट था तो वह इसको माननीय उच्च न्यायालय में आक्षेपित कर सकता था ।

10. यहां सर्वप्रथम यह देखा जाना है कि हस्तगत प्रकरण में दिनांक 30-3-07 के आदेश के द्वारा जांच कार्यवाही को उचित एवं वैध घोषित किया जा चुका है। यह प्रकरण पदच्युत किये जाने से संबंधित है । अत: धारा 11-ए औ.वि. अधि. के प्रावधान लागू होते हैं अथवा नहीं? विपक्षी की ओर से प्रस्तुत लिखित बहस में 2006 एल. एल.आर.पेज 657 [एस.सी] दी जनरल सेक्रेटरी, साउथ इंडियर केशव फेक्ट्रीज वर्कर यूनियन बनाम प्रबंध निदेशक, केरला स्टेट केशव डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि. एवं अन्य में माननीय उच्चतम न्यायालय ने आदेश पारित किया है कि जांच उचित एवं वैध घोषित होने पर अनुशासनिक अधिकारी के द्वारा दिये गये दंड में न्यायाधिकरण हस्तक्षेप नहीं कर सकती है । उक्त न्यायिक दृष्टांत हस्तगत प्रकरण में लागू नहीं होता है क्योंकि प्रकरण में विवाद सेवा पृथक का है तथा धारा 11-ए औ. वि. अधि. के तहत यह न्यायाधिकरण जांच अधिकारी के द्वारा दुराचरण सिद्ध माना है, वह सही है या नहीं जांच पत्रावली पर आई साक्ष्य के आधार पर स्थापित कर सकती है तथा यदि दुराचरण जो प्रार्थी के द्वारा किया जाना जांच अधिकारी द्वारा सिद्ध किया गया है, वह सही मानते हैं तो उसके पश्चात् न्यायाधिकरण जो दंड अनुशासनिक अधिकारी द्वारा दिया गया है, वह समानुपात में है या अत्याधिक विषमानुपात में है, पर अपना निर्णय दे सकती है । यदि वह अत्याधिक विषमानुपात में है तो जो दंड दिया गया है, उसको भी परिवर्तित कर सकता है । उपरोक्त विवेचन के परिपेक्ष्य में हमें सर्वप्रथम दंड के बिन्दू पर यह देखना है कि जांच अधिकारी द्वारा श्रमिक को दुराचरण का दोषी पाया गया है, वह आदेश सही है अथवा नहीं? इसके लिए जांच पत्रावली का अवलोकन किया गया । जांच कार्यवाही में एम.ड. । मनीष सक्सेना, सुपरवाईजर [कार्मिक],

एम.ड. 2 ललित चतुर्वेदी, वरिष्ठ अधिकारी, समय विभाग व एम.ड.3 महेन्द्र कुमार गर्ग, उप प्रबंधक, माईन्स विभाग के बयान हुए हैं।

11. विपक्षी के गवाह एम.ड. 1 मनीष सक्सेना, सुपरवाईजर [कार्मिक] ने जांच में दिये गये बयान में स्वयं को विपक्षी संस्थान का कर्मचारी होना तथा स्वयं को कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग में सुपरवाईजर के पद पर कार्यरत होना कथन किया है और इस गवाह ने अपनी जिम्मेदारियों के संबंध में कथन किया है श्रमिकों की भर्ती संबंधी कार्य एवं उनके वार्षिक प्रतिवेदन तथा श्रमिकों के अनुपस्थिति बाबत एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही के पत्र तैयार करना एवं व्यक्तिगत पत्रावलियों का रख-रखाव आदि करना कहा है। इस गवाह ने राम विलास जाट को जानना कथन किया है और इस गवाह ने यह भी कहा है कि जब से राम विलास जाट कंपनी में आया तब से मैं उसे जानता हूं तथा राम विलास माईन्स विभाग में कार्य करता है तथा सहायक आपरेटर [एच.ई.एम.एम] के पद पर होना कहा है। इस गवाह ने यह भी कहा कि आजकल राम विकास जाट अपनी ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं और यह भी कहा कि मार्च 97 के अंतिम सप्ताह से राम विलास ड्यूटी पर नहीं आ रहा है। इस गवाह ने यह भी बयान दिया है कि पूर्व में भी राम विलास जाट अपनी ड्यूटी से अकसर अनुपस्थित रहता था। इनका उपस्थिति रिकार्ड ठीक नहीं है तथा उसे इस बाबत प्रबंधन द्वारा कई पत्र दिये जा चुके हैं। जांच कार्यवाही की सूचना क्रमांक 1136 दि. 22-5-99 के द्वारा राम विलास के विरूद्ध विभागीय जांच का आदेश दिया गया। उक्त पत्र दि. 23-5-99 के दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर [हिन्दी संस्करण], उदयपुर में प्रकाशित किया गया। यह पत्र ओ.पी.शाह, सहायक उपाध्यक्ष [माईन्स] के द्वारा जारी किया गया-प्रदर्श एम.2 हैं। प्रदर्श एम.2 राम विलास को जो दि. 22-5-99 को पत्र भेजा गया उसकी डाक घर की रसीद रजिस्टर्ड ए.डी. पत्र की है। प्रदर्श एम.3 दि. 22-5-99 को राम विलास को भेजा गया पत्र है जो कि उसके स्थायी पते पर न मिलने के कारण वापिस आ गया। प्रदर्श एम.4 को जानना व इस पर सहायक उपाध्यक्ष माईन्स ओ.पी. शाह के हस्ताक्षर होना कहा-जो प्रदर्श एम. 4 पर ए से बी हैं। प्रदर्श एम.5 प्रार्थी को प्रबंधन की तरफ से दिया गया आरोप पत्र है जो दि. 15-5-99 के हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका के उदयपुर संस्करण में प्रकाशित हुआ। यह पत्र सहायक उपाध्यक्ष माईन्स ओ. पी. शाह द्वारा जारी किया गया। प्रदर्श एम. 6 समय विभाग द्वारा दिया गया राम विलास जाट का उपस्थिति व्यवहार है। इस दस्तावेज पर विष्णु पारीक सुपरवाईजर समय विभाग के हस्ताक्षर हैं। प्रदर्श एम.7 दि. 13-5-99 को प्रार्थी के नाम से जारी किया गया पत्र है। यह पत्र प्रार्थी के स्थायी पते पर नहीं मिलने के कारण वापस दि. 24-5-99 को कंपनी को प्राप्त हुआ। प्रदर्श एम. 8 रसीद 13-5-99 को राम विलास को जारी रजिस्टर्ड ए.डी. पत्र की रसीद है। प्रदर्श एम.9 प्रार्थी को उनके स्थायी पते पर जारी दि. 4-5-99 का पत्र है। प्रदर्श एम. 10 पत्र प्रार्थी के लगातार अनुपस्थित रहने के कारण जारी दि. 4-5-99 का पत्र है। इस पत्र पर सहायक उपाध्यक्ष, माईन्स ओ.पी. शाह के हस्ताक्षर हैं। प्रदर्श एम. 11 प्रार्थी को दि. 19-4-99 को जारी पत्र है। प्रदर्श एम.12 राम विलास को लगातार अनुपस्थिति के कारण जारी पत्र है। इस पर उप प्रबंधक [कार्मिक] एस. के. शर्मा के हस्ताक्षर हैं। मैं इन हस्ताक्षर को पहचानता हूं। प्रदर्श एम.13 प्रार्थी के स्थायी पते पर जारी दि. 5-4-99 का पत्र है। यह पत्र प्रार्थी को प्राप्त नहीं हुआ क्योंकि प्रार्थी अपने स्थायी पते गांव व पोस्ट रंभावली तह. छोटीसादडी पर उपलब्ध नहीं थे तथा डाक विभाग के कर्मचारी द्वारा 7-4-99 से 13-4-99 तक उनके घर पर जाकर उनको पत्र देने का प्रयास किया, लेकिन वह घर पर नहीं मिले। अत: यह पत्र दिनांक 16-4-97 को वापस प्रेषक को प्राप्त हुआ। प्रदर्श एम.14 पत्रांक II, दिनांक 5-4-99 विभाग द्वारा प्रार्थी को अनुपस्थित रहने के कारण दिया गया पत्र है। प्रदर्श एम. 15 प्रार्थी को दिनांक 2-4-99 को जारी पत्र है जिसे डाक विभाग ने पार्थी के स्थायी पते पर न मिलने के कारण कंपनी को वापिस लौटाया। प्रदर्श एम. 16 प्रार्थी को उनके कार्य से अनुपस्थित रहने के कारण उप प्रबंधक, कार्मिक द्वारा जारी पत्र है। प्रदर्श एम. 17 प्रार्थी को उसकी अनुपस्थिति नवंबर व दिसंबर 1998 से संबंधित पत्र है। यहा पत्र उसे प्राप्त हुआ है तथा प्राप्ति के रूप में प्रार्थी ने अपने हस्ताक्षर इस पत्र पर किये हैं। इस पर राम विलास के ही हस्ताक्षार हैं। प्रत्येक कर्मचारी की व्यक्तिगत पत्रावली मेरे ही पास रहती है तथा व्यक्तिगत पत्रावली में कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षरयुक्त विभिन्न दस्तावेज लगाते रहते हैं, अत: मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि वह हस्ताक्षर प्रार्थी के ही हैं। जो प्रदर्श एम. 17 पर डी से एफ हैं। प्रदर्श एम.18 प्रार्थी का प्रोबेशन पीरियड बढाने का पत्र है-जिसे प्रार्थी द्वारा प्राप्त किया गया है। प्रदर्श एम. 19 प्रार्थी को जारी दि. 11-11-98 का पत्र है-जिसमें उन्हें अपनी उपस्थिति सुधारने संबंध निर्देश दिये गये थे। यह पत्र प्रार्थी द्वारा प्राप्त किया गया। प्रदर्श एम.20 प्रार्थी के प्रोबेशन पीरियड को 6 माह और आगे बढ़ाने से संबंधित है। प्रदर्श एम.21 प्रार्थी को अनुपस्थिति संबंध जारी पत्र है तथा इस पर उसके हस्ताक्षर हैं। प्रदर्श एम.22 प्रार्थी को उसकी अनुपस्थिति बाबत जारी पत्र है-जिस पर उसके हस्ताक्षर हैं। माईन्स विभाग ने प्रार्थी की अनुपस्थिति के बारे में सहायक उपाध्यक्ष, कार्मिक को जानकारी दी। सहायक उपाध्यक्ष, कार्मिक ने इस संदर्भ में उप प्रबंधक, कार्मिक को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा तत्पश्चात् उप प्रबंधक, कार्मिक ने मुझे अनुपस्थिति संबंध पत्र तैयार करने का निर्देश दिया। इस प्रकार मुझे प्रार्थी के अनुपस्थिति रहने की जानकारी हुई। प्रार्थी अकसर अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित रहते थे। प्रार्थी को प्रबंधन द्वारा समय-समय पर अपने कार्य से अनुपस्थित रहने के कारण पत्र दिये गये थे। इसके अतिरिक्त अनुपस्थिति के कारण ही उनका प्रोबेशन पीरियड भी बढाया गया था। प्रबधंन द्वारा दिये गये पत्रों की प्रति प्रार्थी ने प्राप्त की थी तथा मैंने यह सभी पत्र प्रार्थी को व्यक्तिगत पत्रावली में लगाये थे क्योंकि प्रार्थी की व्यक्तिगत पत्रावली में प्रार्थी से संबंधित पत्र लगाना मेरी जिम्मेदारियों में आता है। प्रार्थी हमारे माईन्स विभाग में कार्यरत है और उनकी व्यक्तिगत पत्रावली की देखभाल मेरे कार्यक्षेत्र में आती है। इसके अतिरिक्त प्रार्थी के कपंनी में अपनी ड्यूटी ज्वाईन करते समय ज्वाईन संबधी सभी औपचारिकताएं मैंने ही पूर्ण-संपन्न की थी क्योंकि ऐसा करना मेरा दायित्व है। प्रार्थी को अनुपस्थित रहने के संबंध में समझाईश की थी। पत्रांक 924 दि. 13-3-99 प्रदर्श एमै.5 प्रार्थी को दिया गया आरोप पत्र है-जो कि

अनाधिकृत रूप से अपने ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के कारण दिया गया । इस आरोप पत्र को दि. 15-5-99 के हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका के उदयपुर संस्करण में प्रकाशित करवाया गया था । प्रदर्श एम. 5 प्रकाशित इस लिए करवाया क्योंकि प्रार्थी को आरोप पत्र देने से पूर्व 2-3 पत्र उनके स्थायी पते पर भेजे थे, यह पत्र प्रार्थी के स्थायी पते पर उपलब्ध न होने के कारण डाक विभाग द्वारा वापस कंपनी को प्रेषित कर दिये थे । प्रदर्श एम. 19 में प्रार्थी के जनवरी 98 से अक्टूबर 98 तक उपस्थिति का ब्यौरा था । इस पत्र के माध्यम से प्रार्थी को सलाह दी गई थी कि वह अपनी उपस्थिति सुधारे । प्रदर्श एम. 19 प्रार्थी को सहायक उपाध्यक्षा, माईन्स ओ. पी. शाह द्वारा जारी नहीं किया गया था तथा इस दस्तावेज पर ओ. पी. शाह ने हस्ताक्षर किये थे जिन्हें में पहचानता हूं तथा इस दस्तावेज पर किये गये हस्ताक्षर भी ओ. पी. शाह के ही हैं तथा इस दस्तावेज पर प्राप्तकर्ता प्रार्थी के भी हस्ताक्षर हैं जिन्हें में पहचानता हैं ।

12. विपक्षी संस्थान के गवाह एम. ड. 2 ललित चतुर्वेदी, वरिष्ठ अधिकारी समय विभाग ने भी उक्त गवाह के कथनों की पुष्टि की है तथा अपने बयान में कहा है कि उसका नाम ललित चतुर्वेदी है तथा वह विपक्षी का कर्मचारी है । वह विपक्षी के समय विभाग में वरिष्ठ अधिकारी है । गवाह ने अपनी जिम्मेदारियों के संबंध में जाहिर किया कि संस्थान में कार्यरत समस्त श्रमिकों एवं कर्मचारियों का अनुपस्थित एवं उपस्थिति व अवकाश आदि का रिकार्ड रखना तथा इससे संबंधित कार्य जैसे वेतन भविष्य निधि आयकर तथा विभाग के संबंधित सरकार को भेजी जाने वाली रिपोर्ट मेरे द्वारा ही संपादित की जाती है । गवाह ने विपक्षी के यहां 19-11-94 से कार्यरत होना कहा है । गवाह ने राम निवास जाट को जानना तथा उसके माईन्स विभाग में कार्य करना, असिस्टेंट आपरेटर (एच. ई. एम. एम.) के पद पर कार्य करना, दिसंबर 95 से कार्यरत होना कहा है । गवाह ने राम निवास को कंपनी में ज्वाईन किया तब से जानना कहा है । गवाह ने आजकल राम निवास का काम पर नहीं आना कहा है । गवाह का कथन है कि राम विलास अपने कार्य पर मार्च 99 से अनुपस्थित चल रहा है । मैं समय क विभाग का इंचार्ज हूं तथा प्रतिदिन के कर्मचारियों के उपस्थित रिकार्डचेक करता हूं । यदि कोई कर्मचारी 3 दिन से अधिक लगातार अनुपस्थित रहता है तो उसकी रिपोर्ट तैयार करके अपने उच्चाधिकारयों को प्रेषित करता हूं । इसी रिपोर्ट के आधार पर मालूम है, वह अनुपस्थित है । प्रार्थी पूर्व में भी अनेकों बार अनुपस्थित रहे तथा उनकी अनुपस्थिति की सूचना उच्चाधिकारियों को प्रेषित की थी । प्रार्थी का उपस्थिति रिकार्ड अच्छा नहीं था, वह अक्सर अनुपस्थित रहता था - जिसकी सूचना समय-समय पर मेरे द्वारा उच्चाधिकारियों को प्रेषित की है । जिसकी वजह से ही प्रार्थी का प्रोबेशन पीरियड नहीं बढ़ा है । कर्मचारियों का उपस्थिति रिकार्ड के आधार पर वेतन बनाया जाता है । सभी कर्मचारियों के उपस्थिति अनुपस्थिति व अवकाश रिकार्ड रखना मेरी जिम्मेदारी है । इसी आधार पर प्रत्येक दो माह की अनुपस्थित रहने की सूचना मेरे द्वारा प्रबंधन को प्रेषित की जाती है । प्रदर्श एम, 6 दस्तावेज मेरे विभाग ने जारी किया है तथा इस पर हस्ताक्षर मेरे विभाग के सुपरवाईजर विष्णु पारीक के हैं । मैं इन्हें पहचानता हूं ।

13. विपक्षी संस्थान के गवाह महेन्द्र कुमार गर्ग, उप प्रबधक माईन्स विभाग एम. ड. 3 का जांच कार्यवाही में बयान है कि गवाह आदित्य सीमेंट का कर्मचारी है, वह उप प्रबंधक के पद पर माईन्स विभाग में कार्यरत है । गवाह ने लाईमस्टोन प्रोडकशन तथा इससे संबंधित दूसरे कार्य के प्रति उसकी जिम्मेदारी है व ड्यूटी पर उपस्थित सभी एच. ई. एम. एम. आपरेटर को माईन्स के विभिन्न सेक्सन में इनके कार्य को भली भांति देखना उसका दायित्व हैं । गवाह ने विपक्षी के यहां 11 जून 94 से कार्यरत होना, प्रार्थी को जानना व प्रार्थी के द्वारा माईन्स विभाग में आपरेशन सेक्शन में असिस्टेंड आपरेटर (एच. ई. एम. एम) के पद पर कार्यरत होना कहा है । प्रार्थी का माईन्स विभाग में दिसंबर 95 से कार्यरत होना व प्रार्थी को दिसंबर 95 से ही जानना कहा है । गवाह का कथन है कि पिछले कुछ महिनों से प्रार्थी अपनी ड्यूटी पर नहीं आ रहा है । प्रार्थी मार्च के अंतिम सप्ताह से अपनी ड्यूटी पर नहीं आ रहा है । प्रार्थी अपनी ड्यूटी के अकसर अनुपस्थित रहता था । इस संदर्भ में उनके रिकार्ड की जानकारी समय विभाग से प्राप्त की जा सकती है । प्रबंधन द्वारा समय-समय पर प्रार्थी को सलाह पत्र तथा चेतावनी पत्र दिये गये थे । अनुपस्थिति ज्यादा रहने के कारण उनका प्रोबेशन पीरियड भी बढ़ाया गया । मैं प्रार्थी के हस्ताक्षर को पहचानता हूं । प्रदर्श एम. 19 सहायक उपाध्यक्ष माईन्स के द्वारा हस्ताक्षरित है तथा यह पत्र प्रार्थी के द्वारा जनवरी 98 से अक्टूबर 98 तक के उपस्थिति विवरण से संबंधित है । इस पत्र में प्रार्थी को अपनी उपस्थिति सुधार करने की सलाह दी गई । प्रार्थी ने इस पत्र को प्राप्त किया तथा प्राप्ति के रूप में अपने हस्ताक्षर किये । प्रार्थी अवकाश प्रार्थानापत्र एवं अवकाश कार्ड पर अपने हस्ताक्षर करता था उसी आधार पर मैं उसके हस्ताक्षर पहचानता हूं ।

14. प्रार्थी एम. 9 के लिए गवाह मनीषा सक्सेना ने कथन दिया है कि यह राम निवास जाट के स्थायी पते पर जारी दि. 4-5-99 का पत्र है । प्रदर्श एम.10 के लिए कहा कि वह इस दस्तावेज से परिचित है । यह पत्र राम निवास जाट को कार्य से लगातार अनुपस्थित रहने के कारण जारी दिनांक 4-5-99 का पत्र है । इस पत्र पर सहायक उपाध्यक्ष माईन्स ओ. पी. शाह के हस्ताक्षर हैं । दस्तावेज प्रार्थी एम. 11 के बारे में गवाह ने बयान दिया है कि 19-4-99 को जारी पत्र है । दस्तावेज प्रदर्श एम. 12 के बारे में इस गवाह ने बयान दिया है यह राम विलास को जारी पत्र है जो कि उनकी लगातार अनुपस्थित रहने के कारण जारी किया गया है । इस पत्र पर उप प्रबंधक, कार्मिक एस. के. शर्मा के हस्ताक्षर हैं व इस हस्ताक्षर को मैं पहचानता हूं क्योंकि मैं एस. के. शर्मा के अधिनस्थ ही कार्य करता हूं इस लिए मैं उनके हस्ताक्षर पहचानता हूं । प्रार्थी एम. 13 पत्र के लिए गवाह ने बयान किया कि वह इस दस्तावेज को जानता है । यह पत्र राम विलास जाट को उनके स्थायी पते पर दि. 5-4-99 को भेजा । यह पत्र राम विलास को प्राप्त नहीं हुआ है क्योंकि राम विलास अपने स्थायी पते

गांव व पोस्ट रंभावली, तह. छोटी सादडी, जिला-चितौड़गढ़ पर उपलब्ध नहीं था । प्रदर्श एम. 14 पत्रांक 117 दि. 5-4-99 विभाग द्वारा प्रार्थी को अनुपस्थित रहने के कारण दिया गया पत्र है । प्रदर्श एम. 15 प्रार्थी को दि. 2-4-99 को जारी पत्र है जिसे डाक विभाग ने प्रार्थी के स्थायी पते पर न मिलने के कारण कंपनी को वापिस लौटाया । प्रदर्श एम.16 प्रार्थी को उनके कार्य से अनुपस्थित रहने के कारण उप प्रबंधक कार्मिक द्वारा जारी पत्र है । प्रदर्श एम.17 प्रार्थी को उसकी अनुपस्थिति नवंबर व दिसंबर 98 से संबंधित पत्र है ।

15. विपक्षी संस्थान के गवाह मनीषा सक्सेना ने अपने ब्यानों में यह कथन किया है कि वह राम विलास जाट को जब से वह कार्य कर रहा है तब से ही जानता है और उसने अपनी जिम्मेदारी में श्रमिकों की भर्ती संबंधी कार्य एवं उनके वार्षिक प्रतिवेदन तथा श्रमिकों की अनुपस्थिति बाबत एव अनुशासनात्मक कार्यवाही के पत्र तैयार करना एवं व्यक्तिगत पत्रावलियों का रख-रखाव आदि करना कहा है । इस गवाह ने यह भी कहा है कि प्रार्थी का उपस्थिति रिकार्ड ठीक नहीं है तथा उसे इस बाबत प्रबंधन द्वारा कई पत्र दिये जा चुके हैं । गवाह ने प्रार्थी राम विलास का मार्च 97 के अंतिम सप्ताह से ड्यूटी पर नहीं आना कहा है । प्रदर्श एम. 9 के लिए मनीष सक्सेना ने कथन किया कि प्रदर्श एम. 9 प्रार्थी को उनके स्थायी पते पर जारी दि. 4-5-99 का पत्र है । प्रदर्श एम. 10 पत्र प्रार्थी के लगातार अनुपस्थित रहने के कारण जारी दि. 4-5-99 का पत्र है । इस पत्र पर सहायक उपाध्यक्ष, माईन्स ओ. पी. शाह के हस्ताक्षर हैं । प्रदर्श एम. 11 प्रार्थी को दि. 19-4-99 को जारी पत्र है । प्रदर्श एम. 12 राम विलास को लगातार अनुपस्थिति के कारण जारी पत्र है । इस पर उप प्रबंधक (कार्मिक) एस. के. शर्मा के हस्ताक्षर हैं । मैं इन हस्ताक्षर को पहचानता हूं । प्रदर्श एम. 13 प्रार्थी के स्थायी पते पर जारी दि. 5-4-99 का पत्र है । यह पत्र प्रार्थी को प्राप्त नहीं हुआ क्योंकि प्रार्थी अपने स्थायी पते गांव व पो. रंभावली तह. छोटी सादडी पर उपलब्ध नहीं थे तथा डाक विभाग के कर्मचारी द्वारा दि. 7-4-99 से 13-4-99 तक उनके घर पर जाकर उनको पत्र देने का प्रयास किया, लेकिन वह घर पर नहीं मिले । अत: यह पत्र दि. 16-4-97 को वापिस प्रेषक को प्राप्त हुआ । प्रदर्श एम. 14 पत्रांक 117 दि. 5-4-99 विभाग द्वारा प्रार्थी को अनुपस्थित रहने के कारण दिया गया पत्र है । प्रदर्श एम. 15 प्रार्थी को दि. 2-4-99 को जारी पत्र है-जिसे डाक विभाग के प्रार्थी के स्थायी पते पर न मिलने के कारण कंपनी को वापिस लौटाया । प्रदर्श एम. 16 के लिए इस गवाह ने कहा है कि प्रार्थी को उनके कार्य से अनुपस्थिति रहने के कारण उप प्रबंधक, कार्मिक द्वारा जारी पत्र है । प्रदर्श एम. 17 प्रार्थी को उसकी अनुपस्थिति नवंबर व दिसंबर 98 से संबंधित पत्र हैं । यह पत्र उसे प्राप्त हुआ है तथा प्राप्ति के रूप में प्रार्थी ने अपने हस्ताक्षर इस पत्र पर किये हैं । इस पर राम विलास के ही हस्ताक्षर हैं । प्रत्येक कर्मचारी की व्यक्तिगत पत्रावली मेरे पास रहती है तथा उसमें कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षरयुक्त विभिन्न दस्तावेज रहते हैं, अत: मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यह हस्ताक्षर प्रार्थी के ही हैं । जो प्रदर्श एम. 17 ई से एफ है । इस प्रकार इस गवाह ने प्रार्थी को आरोप पत्र प्रबंधन द्वारा जारी करना तथा जांच कार्यवाही बाबत सूचित करना, अखबारों में सूचना प्रकाशित कराना कहा है । यहां हम यह भी उल्लेखित करना उचित समझते हैं कि इस गवाह ने प्रार्थी राम विलास द्वारा मार्च 07 के अंतिम सप्ताह से अनुपस्थित रहना कहा है तथा गवाह ने यह भी कहा है कि जांच अधिकारी ने प्रार्थी को समय-समय पर सूचित किया तथा फिर यू. पी. सी. से उसके स्थायी पते पर सूचना भी भेजी गई । जांच कार्यवाही की आदेशिका दिनांक 3-6-99 के अवलोकन से यह प्रकट होता है कि जांच अधिकारी द्वारा जांच कार्यवाही उक्त दिवस को आगामी पेशी हेतु स्थगित की गई-जिससे आरोपित श्रमिक उक्त कार्यवाही में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सके एवं प्रबंधन के गवाहों व दस्तावेजों का अवलोकन व जिरह कर सके । आगामी तिथि 15-6-99 तक की गई । इस आदेशिका में श्रमिक को जांच कार्यवाही की सूचना यू.पी.सी. पत्र से प्रेषित की जायेगी तथा इस संबंध में प्रबंधन को निर्देश दिये गये कि जांच कार्यवाही की अगली तिथि की सूचना पत्र जांच अधिकारी का पत्र दोनों समाचार पत्र में प्रकाशित करायें । दिनांक 15-6-99 की आदेशिका के अवलोकन से प्रकट होता है कि राम विलास कार्यवाही में उपस्थित नहीं हुआ, जबकि राम विलास को जांच अधिकारी के पत्र दिनांक 5-6-99 के यू. पी. सी. के द्वारा जांच कार्यवाही में उपस्थित होने के लिए सूचित किया गया था । इस प्रकार प्रार्थी को जांच अधिकारी द्वारा प्रार्थी के स्थायी पते पर सूचना भेजी गई । आगे इस आदेश में यह भी लिखा है कि आरोपी श्रमिक को उसके विरुद्ध लगाये गये आरोपों की जांच में भाग लेने के लिए स्वयं उपस्थित नहीं हुआ एवं उपस्थित नहीं होने की कोई सूचना भी जांच अधिकारी को नहीं दी गई । इससे यह प्रतीत होता है कि आरोपी श्रमिक जांच कार्यवाही में भाग लेने का इच्छुक नहीं था । अत: जांच अधिकारी के समक्ष एक ही विकल्प रह गया है कि जांच कार्यवाही एकपक्षीय प्रारंम्भ की जाये । इस प्रकार से समस्त प्रयास करने के बाद जांच अधिकारी ने प्रबंधन की एकपक्षीय साक्ष्य ली है । बावजूद सूचना के भी प्रार्थी के उपस्थित नहीं होने पर उसके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई । तत्पचात् एकपक्षीय कार्यवाही में उक्त गवाहों के बयान विपक्षी की ओर से कराये गये एवं साक्ष्य बंद की गई । अत: प्रार्थी का यह तर्क कि उसे सूचित किये बिना जांच कार्यवाही संपादित की गई, माने जाने योग्य नहीं है, क्योंकि प्रार्थी को यू.पी.सी. व समाचार पत्रों के माध्यम से सूचना दी गई थी ।

16. इस प्रकार गवाह मनीष सक्सेना ने मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य से यह सिद्ध किया है कि प्रार्थी राम विलास मार्च 97 के अंतिम सप्ताह से ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हो रहा है तथा पूर्व में भी वह अनुपस्थित रहने का आदी रहा है - जिस बाबत दस्तावेज प्रदर्श एम. 17 से भी प्रार्थी का नवंबर व दिसंबर 98 में अनुपस्थिति बताई गई है । प्रार्थी का आदतन अनुपस्थित रहना इस गवाह ने सिद्ध किया है ।

17. विपक्षी गवाह महेन्द्र कुमार गर्ग, उप प्रबंधक, माईन्स ने भी स्पष्ट रूप से कहा है कि गवाह ने लाईमस्टोन प्रोडक्शन तथा इससे संबंधित दूसरे कार्य को प्रति उसकी जिम्मेदारी है व ड्यूटी पर उपस्थित सभी एच. ई. एम. एम. आपरेटर को माईन्स के विभिन्न सेक्शन में इनके कार्य का भली-भांति देखना उसका दायित्व है ।

गवाह ने विपक्षी के यहां 11 जून, 94 से कार्यरत होना, प्रार्थी को जानना व प्रार्थी के द्वारा माईन्स विभाग में आपरेशन सेक्शन में असिस्टेंट आपरेटर (एच. ई. एम. एम) के पद पर कार्यरत होना कहा है । इस गवाह ने प्रार्थी का माईन्स विभाग में दिसंबर 95 से कार्यरत होना व प्रार्थी को दिसंबर 95 से ही जानना कहा है इस गवाह ने यह भी बयान दिया है कि पिछले कुछ महीनों से प्रार्थी अपनी ड्यूटी पर नहीं आ रहा है । प्रार्थी मार्च के अंतिम सप्ताह से अपनी ड्यूटी पर नहीं आ रहा है । प्रार्थी अपनी ड्यूटी से अकसर अनुपस्थित रहता था । प्रबंधन द्वारा समय-समय पर प्रार्थी को सलाह पत्र तथा चेतावनी पत्र दिये गये । अनुपस्थित ज्यादा रहने के कारण उनका प्रोबेशन पीरियड भी बढ़ाया गया । इस गवाह ने प्रार्थी के हस्ताक्षर पहचानना व प्रदर्श एम. 19 सहायक उपाध्यक्ष, माईन्स के द्वारा हस्ताक्षरित होना कहा है। गवाह ने यह पत्र जनवरी 98 से अक्तूबर 98 तक के उपस्थिति विवरण से संबंधित होना कहा है । इस पत्र में प्रार्थी को अपनी उपस्थिति सुधारने की सलाह दी गई । प्रार्थी ने इस पत्र को प्राप्त किया तथा प्राप्ति के रूप में अपने हस्ताक्षर किये । प्रार्थी अवकाश प्रार्थना-पत्र एवं अवकाश कार्ड पर अपने हस्ताक्षर करता था उसी आधार पर गवाह ने प्रार्थी के हस्ताक्षर पहचानना कहा है । विपक्षी के गवाह एम. ड.2 ललित चुतर्वेदी, वरिष्ठ अधिकारी समय विभाग ने भी जाहिर किया कि संस्थान में कार्यरत समस्त श्रमिकों एवं कर्मचारियों का अनुपस्थिति एवं उपस्थिति व अवकाश आदि का रिकार्ड रखना तथा इससे संबंधित कार्य जैसे वेतन, भविष्य निधि, आयकर तथा विभाग से संबंधित सरकार को भेजी जाने वाली रिपोर्ट मेरे द्वारा ही संपादित की जाती है । इस गवाह ने भी राम विलास जाट को जानना तथा उसका माईन्स विभाग में असिस्टेंट आपरेटर (एच. ई. एम. एम.) के पद पर दिसंबर 95 से कार्यरत होना कहा है । इस गवाह ने राम विलास जाट को कंपनी में जोईन किया तब से जानना कहा है । इस गवाह ने भी यह कहा है कि आजकल रामविलास जाट काम पर नहीं आ रहा है । इस गवाह का कथन है कि मार्च 99 से प्रार्थी अनुपस्थित चल रहा है । गवाह ने स्वयं को समय विभाग का इंचार्ज होना तथा, प्रतिदिन कर्मचारियों का उपस्थिति रिकार्ड चेक करना कहा है । गवाह ने कहा है कि यदि कोई कर्मचारी 3 दिन से अधिक लगातार अनुपस्थित रहता है तो उसकी रिपोर्ट तैयार करके अपने उच्चाधिकारियों को प्रेषित करता हूँ । इसी रिपोर्ट के आधार पर मालूम है कि वह अनुपस्थित है । प्रार्थी पूर्व में भी अनेकों बार अनुपस्थित रहा है तथा उसकी अनुपस्थिति की सूचना उच्चाधिकारियों को प्रेषित की । प्रार्थी का उपस्थिति रिकार्ड अच्छा नहीं था तथा वह अकसर अनुपस्थित रहता था—जिसकी सूचना समय-समय पर मेरे द्वारा उच्चाधिकारियों को प्रेषित की गई है । दो माह अनुपस्थित रहने की सूचना मेरे द्वारा प्रबंधन को प्रेषित की जा चुकी है ।

18. इस प्रकार तीनों गवाहों ने एक ही बात कही है कि प्रार्थी राम विलास मार्च 97 के अंतिम सप्ताह से अनुपस्थित चल रहा है तथा वह अकसर अनुपस्थित रहता है तथा उसका उपस्थिति का रिकार्ड अच्छा नहीं है । प्रबंधन के तीनों गवाहों ने एक ही बात कही है और जिनसे कोई जिरह नहीं होने के कारण उनका मुख्य परीक्षण अखंडित रहा है । अत: इन गवाहों के बयानों पर अविश्वास किये जाने का कोई औचित्य नहीं है । इन गवाहों ने यह सिद्ध किया है कि प्रार्थी राम विलास जाट बिना किसी सूचना और अपने उच्च अधिकारियों की अनुमति के बिना मार्च 97 के अंतिम सप्ताह से अनुपस्थित रहा है । गवाह मनीष सक्सेना ने प्रदर्श एम. 14 व एम. 17 को सिद्ध किया है । प्रदर्श एम. 14 में उल्लेख किया गया है कि प्रार्थी दि. 23-3-99 से बिना उच्चाधिकारियों को सूचित किये बिना अवकाश स्वीकृत कराये अनुपस्थित चल रहा है । इसमें प्रार्थी को दि. 2-4-99 के पत्र का भी उल्लेख है-जिसमें कहा गया था कि वह 3 दिन में ड्यूटी पर उपस्थित हो । इसमें पत्र मिलने के 3 दिन में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था । उक्त विवेचन से यह प्रकट होता है कि प्रार्थी बिना अवकाश स्वीकृत कराये, बिना उच्चाधिकारियों से अनुमति प्राप्त किए बिना सूचना दिये अपनी मर्जी से अनुपस्थित रहा है तथा पत्र मिलने के 3 दिन के भीतर ड्यूटी पर उपस्थित होने के निर्देश दिये गये थे, लेकिन प्रार्थी उपस्थित नहीं हुआ । प्रदर्श एम. 14 में उल्लेख है कि यदि आपने पत्र की पालना नहीं की तो आपके विरुद्ध स्थायी आदेश के तहत कार्यवाही की जायेगी । इस प्रकार प्रार्थी दि. 27-3-99 से बिना सूचना दिये अनुपस्थित रहना प्रकट होता है । प्रार्थी अपनी ए शिफ्ट से बिना अवकाश स्वीकृत कराये अनुपस्थित चल रहा है । प्रदर्श एम. 17 व 19 में प्रार्थी का पूर्व में भी लगातार अनुपस्थित रहना बताया गया है । इस प्रकार प्रार्थी का आदतन ड्यूटी पर अनुपस्थित होना भी गवाहों ने सिद्ध किया है । प्रार्थी को निम्नानुसार चार्जशीट दी गई है–

"It has been reported against you that while you were on duty in A shift (6 am to 2pm) on 26-3-1999 you left the work place at about 11.30 a.m. without any information to your superior or grant of leave and since that absenting from duties. You were advised vide Registered Ad. Letter no. AC/P&A/99-2000/42 dated 2-4-1999 to report for your duties within three days of the receipt of the letter. However this letter was returned to us by postal authorities with the remark". Addressee not found hence returned"

Thereafter when no communication from your end was received about your absence and also when you did not resume your duties, you were again advised vide our Registered Ad. Letter no. AC/18/99-2000/117 dated 5-4-1999 to resume your duties within three days of the receipt of the letter failing which appropriate action would be intitated against you. In response to this letter also you did not resume your duties and meanwhile, the letter under reference was returned to us (received by us on 16-4-1999) by the postal authorities with a remark "Addressee not available hence returned."

While extending last opportunity to join duties you were consequently informed by a Registered Ad. Letter No. AC/18/06/98-99/376 dated 19-4-1999 and when you failed to communicate about your absence from duties you were finally informed vide a Registered Ad Letter No. AC/18/06/99-2000/743 dated 4-5-1999 with an advise that in case you fail to resu me your duties it would be presumed that you have abandoned the services of the company on your own end your name shall be struck off from the rolls of the company in case you dont report for duties.

We find from our records that in the past also you remained absent from your duties without grant of leave or permission and were advised to improve your attendance behaviour time again vide our letter No. AC/P&A/98/525 dated 20-3-98, AC/1806/98/60 dated 20-5-98, AC/A&A/Mines/98/99/223 dated 11-11-98 and AC/18/06/98/310 dated 9-2-99 but no improvement in your attendance behaviour was observed.

The facts as above reveal that you have been in habit of remaining of unauthorised absent from your duties. Unauthorised absence from duties without permission or grant of leave is in violation of company's discipline and good conduct and as such tantamounts to major misdemeanor under the Certified Standing Orders as applicable to you and you are hereby charged under clause no: 20-2-02 Unauthorised absence from duty without permission for not exceeding ten days.

20-2-09 Commission of any act subversive of discipline and/or good behaviour within the premises of the factory/establishment/Mines or precinct thereof or outside the premises 20.2.47 Habitual repeated minor misdemeanor. 20.2.82 Unauthorised absence from the place of work. You are hereby called upon to show cause within THREE DAYS from the date of receipt of this charge sheet as to why disciplinary action should not be taken against you for the charges as alleged against you. If your written explanation is not received within the stipulated period, it will be presumed that you have no explanation to offer and admit the charges levelled against you, in which case the management would be at liberty to take appropriate action as deem fit.

प्रदर्श एस. 17 पत्र दिनांक 9-2-99 प्रदर्श एम. 19 पत्र दिनांक 11-11-98, प्रदर्श एम. 21 पत्र दि. 20-5-98 व प्रदर्श एम. 22 पत्र दि. 20-3-98 से यह सिद्ध होता है कि प्रार्थी पूर्व में भी बिना अवकाश स्वीकृत कराये, बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहा है । उक्त मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्य से यह सिद्ध होता है कि प्रार्थी आदतन अनुपस्थित रहने का आदी है । इस प्रकार प्रदर्श एम. 1 नोटिस आफ इंक्वायरी दैनिक भास्कर दि. 23-5-99 में प्रकाशित प्रदर्श एम. 2 रसीद नं. 1809 रजिस्टर्ड पत्रांक 1136 दिनांक 22-5-99 प्रदर्श एम. 3 अन डिलिवर्ड रजिस्टर्ड ए.डी. पत्रांक 1196 दि. 22-5-99, प्रदर्श एम. 4 रजिस्टर्डपत्र क्रमांक 1136 दि. 22-5-99, प्रदर्श एम. 5 चार्जशीट प्रकाशित राजस्थान पत्रिका दि. 14-5-99, प्रदर्श एम. 6 उपस्थिति विश्लेषण राम विलास जाट दि. 15-6-97 प्रदर्श एम. 7 अनडिलिवर्ड पत्र (रजिस्टर्ड) पत्रांक 924 दि. 13-5-99, प्रदर्श एम.8 रसीद नं. 1772 रजिस्टर्ड ए. डी. पत्र दि. 13-5-99 पत्रांक 924, प्रदर्श एम. 9 अनडिलिवर्ड रजिस्टर्ड पत्र सं. 743 दि. 4-5-99 प्रदर्श एम. 10 रजिस्टर्ड ए. डी. पत्रांक 743 दि. 4-5-99, प्रदर्श एम. 11 रजिस्टर्ड ए. डी. पत्र अनडिलिवर्ड क्र. 376 दि. 19-4-99 प्रदर्श एम. 12 रजिस्टर्ड ए. डी. पत्रांक 376 दि. 19-4-99, प्रदर्श एम. 13 अनडिलिवर्ड रजिस्टर्ड ए. डी. पत्रांक 117 दि. 5-4-99, प्रदर्श एम. 14 रजिस्टर्ड ए. डी. पत्रांक 117 दि. 5-4-99, प्रदर्श एम. 15 अनडिलिवर्ड रजिस्टर्ड, डी. पत्रांक 42 दि. 2-4-99, प्रदर्श एम. 16 रजिस्टर्ड ए. डी. पत्रांक 42 दि. 2-4-99, प्रदर्श एम. 17 अनुपस्थिति पत्र क्रमांक 310 दि. 9-2-99 श्री राम विलास जाट, प्रदर्श एम. 18 प्रोबेशन एक्सटेंशन पत्र क्र. 287 दि. 9-1-99, प्रदर्श एम. 19 अनुपस्थिति पत्र क्र. 223 दि. 11-11-98, प्रदर्श एम. 20 प्रोबेशन एक्सटेंशन पत्र क्र. 134 दि 15-7-98, प्रदर्श एम. 21 अनुपस्थिति पत्र क्र. 60 दि. 20-5-95 श्री राम विलास, प्रदर्श एम. 22 अनुपस्थिति पत्र क्र. 525 दि. 20-3-98 राम विलास जाट दस्तावेजों से यह साबित प्रकठ होता है कि प्रार्थी श्रमिक पर लगाये गये आरोप सिद्ध होना पाया जाता है । आदेशिका दिनांक 15-6-99 के अनुसार जांच कार्यवाही में प्रबंधन प्रतिनिधि एस. के. शर्मा ने प्रदर्श एम. 1 से एम. 22 तक दस्तावेज पेश किये जिनको जांच पत्रावली में शामिल किया गया । अत: जांच अधिकारी ने प्रार्थी राम विलास जाट के विरूद्ध आरोप सिद्ध होना पाया है, वह सही है ।

